**09H**

## II Language HINDI
## STRUCTURE OF QUESTION PAPER

Time : 3:15 hrs Total Marks : 80

Instructions :-
1. Read the question paper carefully
2. Answer the questions under Part 'A' on a seperate answer book.
3. Write the answers to the questions under Part-B on the question paper itself and attach it to the answer book of Part-A.

---

## PART-A

**Time : 2:45 hrs** **Marks:60**

**I** अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया - **(20 Marks)**

(अ) पठित गद्यांश (उपवाचक) - 5 Marks

प्रश्न संख्या - 1,2,3,4,5

(आ) अपठित गद्यांश - 10 Marks

प्रश्न संख्या - 6,7,8,9,10

(इ) पठित पद्यांश - 5 Marks

प्रश्न संख्या - 11,12,13,14,15

अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता - **(32 Marks)**

लघु प्रश्न - 16 अंक

**II.** पद्य भाग - चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। एक प्रश्न कवि परिचय से संबंधित होगा। 2X4=8 अंक

प्रश्न संख्या - 16,17,18,19

**III.** गद्य भाग - चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। एक प्रश्न लेखक परिचय से संबंधित होगा। 2X4=8 अंक

प्रश्न संख्या - 20,21,22,23

निबंधात्मक प्रश्न - 16 अंक

**IV.** पद्य भाग - तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1X8=8 अंक)

प्रश्न संख्या - 24,25,26

**V.** गद्य भाग - तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1X8=8 अंक)

प्रश्न संख्या - 27,28,29

सृजनात्मक अभिव्यक्ति - **(8 Marks)**

**VI.** सृजनात्मकता : विधाओं से संबंधित तीन प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (1X8=8 अंक)

प्रश्न संख्या - 30,31,32

**PART-B (20 Marks)**

**I.** शब्द भंडार - शब्द भंडार से संबंधित 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (10X1=10 अंक)

**II.** व्याकरणांश - व्याकरण से संबंधित 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (10X1=10 अंक)

....

**HINDI**

(Second Language)

Part A & B

Time : 3 hours, 15 minutes) (Maximum Marks-80)

Instructions :-

1. Read the following question paper and understand every questions thoroughly withour writing anything and 15 minutes time is allotted for this.
2. Answer all the questions as directed.
3. Part 'A' questions one to be writters in the seperate Answer booklet.
4. Write the answers to the questions under Part 'B' on the question paper itself and attach it to the answer booklet of part 'A'

---

**PART-A**

**Time : 2 hour, 30 minutes** **(Marks:60)**

**SECTION - I**

**I.** निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

अ. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिकिए।

(5x1=5)

बात उन दिनों की है जब बालक अंबेडकर अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी कर माध्यमिक शिक्षा के लिए हाईस्कूल में दाखिल हुए। एक दिन आप अपने भाई के साथ जा रहे थे। रास्ते में प्यास लगी। एक घर के पास गये और पानी माँगा। उस घर के मालिक ने कहा, 'तुम अछूत हो। हम तुम को पानी नहीं पिला सकते। उसने अपने घर वालों को भी पानी देने से मना कर दिया और दरवाजा बंद कर दिया। दरवाजे के बंद होते ही अंबेडकर को वह मार्ग मिल गया जहाँ अस्पृश्यता और असमानता मिटाकर एक नव समाज की प्रतिष्ठापना कर सकते है।

20 वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिंतक, ओजस्वी लेखक तथा यशस्वी वक्ता एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री डॉ. भीमराव रामजी अंबेड्कर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महाराष्ट्र प्रांत के रत्नगिरि ज़िले के अंबेवाड़ा गाँव में हुआ। आपकी माता भीमाबाई और पिता रामजी मालोजी सकलपाल थे।

1. गद्यांश के आरम्भ में बतायी गयी घटना कब घटित हुई?
2. अंबेड्कर ने क्या माँगा था?
3. घर के मालिक ने पानी क्यों नहीं दिया?

4. अंबेड्कर को कौनसा मार्ग मिल गया?

5. दूसरे गद्यांश में अंबेड्कर के लिए किन विशेषणों का उल्लेख किया गया है?

**आ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिकिए।**

(5x2=10)

सुभाषचन्द्र बोस की मातृभाषा बंगाली थी। वे हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के पक्षधर थे। उन्होंने 29 सितम्बर 1928 को कलकत्ता के काँग्रेस अधिवेशन के राष्ट्रभाषा सम्मेलन में स्वागत समिति के अध्यक्ष पद से अपने ये विचार प्रकट किये थे-

''शायद हम में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें इस बात का डर है कि हिन्दी वाले हमारी मातृभाषाओं के स्थान पर हिन्दी रखना चाहते हैं। यह निराधार भ्रम है। हिन्दी का प्रचार केवल इस लिए हैं कि आजकल जो काम अंग्रेज़ी से लिया जाता है वह आगे चलकर हिन्दी से लिया जाए। अपनी माता से बढ़ कर मातृभाषा ज्यादा प्यारी होती है। उसे हमें कदापि नहीं छोड़ना चाहिए किंतु भारत के विभिन्न प्रांतों के भाइयों से स्मपर्क और बातचीत के लिए हिन्दी या हिन्दुस्तानी तो सीखनी ही चाहिए।''

6. सुभाषचन्द्र बोस की मातृभाषा क्या थी?

7. बोस को किस समिति का अध्यक्ष बनाया गया था?

8. बोस ने किस निराधार भ्रम की बात की है?

9. हिन्दी या हिंदुस्तानी क्यों सीखनी चाहिए?

10. काँग्रेस अधिवेशन कब आयोजित हुआ था।

**इ. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिकिए।**

(5x1=5)

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से ।

नर समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई ---
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।

जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो।

11. यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

12. अर्थ संचित करने वाला क्यों वंचित रह जाता है?

13. किसने पृथ्वी और आकाश पर विजय पायी है?

14. पहले सुख पाने का अधिकार श्रम करने वालों को क्यों मिलना चाहिए?

15. पद्यांश किस वर्ग के लोगों के बारे में है?

**II. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (2x4=8)

16. सुमित्रानंदन पंत के जीवन और साहित्य पर प्रकाश डालिए।

17. 'माँ मुझे आने दे' कविता में किस समस्या का उल्लेख किया गया है?

18. रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कौन है।

19. बिहारी ने 'कनक-कनक' में क्या अंतर बताया है?

**III. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (2x4=8)

20. प्रेमचंद का परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

21. देश से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए छात्रों का क्या योगदान हो सकता है?

22. हामिद के स्थान पर यदि आप होते तो चिमटे के बजाए क्या खरीदते?

23. लक्ष्मी बाई स्वराज्य की नीव का पत्थर क्यों बनना चाहती है?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** (1x8=8)

24. बरसते बादल कविता में किस प्रकार प्रकृति का वर्णन किया गया है?

25. रैदास और मीरा बाई की भक्ति में अंतर क्या है?

26. कण-कण का अधिकारी कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

**V.** किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों लिखिए। (1x8=8)

27. टेसी थॉमस के जीवन से हमें कैसी प्रेरणा मिलती है?

28. आज अनेक मरोरंजन के साधनों के बीच लोकगीतों का क्या महत्व है?

29. 'अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर क्या हिन्दी अंग्रेज़ी का स्थान ले सकती है।' अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**VI. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों लिखिए।** (1x8=8)

30. एक नवीन दुपहिया वाहन का विज्ञापन तैयार कीजिए।

31. 'दहेज प्रथा के दुष्परिणाम' विषय पर एक निबंध लिखिए।

32. कोविड- 19 के प्रति जागृकता लाने के लिए पोस्टर तैयार कीजिए।

....

**09H (B)**

**HINDI**

(Second Language)

Part A & B

**Time : 30 minutes** **(Marks:20)**

Instructions :-

1. Answer all the questions of part-B on the question paper itself and attach it to the Answer Booklet of part-A
ii) Candidate must write CAPITAL LETTERS (A,B,C OR D) while answering the multiple-choice questions.

---

**PART-**B

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तरों के अक्षर दिये गये कोष्ठक में लिखिए।

(20x1=20)

1. स्त्रियाँ जल भरी गगरी लेकर जा रही हैं। ( )
(रेखांकित शब्द के सही पर्याय पहचानिए।)
A. धरती, भूमि B. चंद्र, शशि C. नीर, पानी D. सूर्य दिनकर
2. आपके आते ही वातावरण शांत हो गया। ( )
(रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।)
A. विश्राम B. अशांत C. प्रशांत D. आश्रम
3. शोभा एक सुप्रसिद्ध प्रत्रकार है। ( )
(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।)
A. ध B. स्तुप्र C. प्र D. सु
4. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिए। ( )
A. वर्तमान B. वारतमान C. वरतमान D. वर्तमन
5. यात्रा के बीच-बीच में तालाब भी मिलते हैं। ( )
(पुनरुक्त शब्द पहचानिए।)
A. यात्रा B. बीच C. तालाब D. भी

6. बेमेल शब्द पहचानिए। ( )

A. कहानी B. कविता C. पाठशाला D. एकांकी

7. पूरब से आती ठंडी हवाएँ शीतलता पहुँचाती है। ( )

(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।)

A. बादल B. ठंडक C. पवन D. पानी

8. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के लिए कुछ छात्र जी-जान लगा देते है। ( )

(वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का भाव पहचानिए।)

A. भरपूर प्रयत्न करना B. ध्यान देना C. समय देना D. डरना

9. 'जानने की इच्छा रखने वाला'। ( )

(इसके लिए एक शब्द पहचानिए।)

A. इच्छुक B. जानलेवा C. सीखने वाला D. जिज्ञासु

10. परीक्षा की चिंता में रात भर नींद नहीं आयी। ( )

(रेखांकित शब्द का तत्सम पहचानिए।)

A. नदी B. नृत्य C. निद्रा D. नाश्ता

11. 'शेर जंगल में रहता है।' (रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार पहचानिए। ( )

A. मिश्र B. सरल C. साधारण D. संयुक्त

12. हमने पाठशाला में हिन्दी दिवस मनाया। (काल पहचानिए) ( )

A. भविष्य काल B. भूत वर्तमान C. वर्तमान काल D. भूतकाल

13. मैंने सैनिकों को लौटने का आदेश दिया। ( )

(रेखांकित शब्द का एकवचन पहचानिए।)

A. सैनिक B. सैनिका C. सैनिकी D. सैनिके

14. 'रेलयात्रा' बड़ी आनंदमय होती है। (रेखांकित शब्द का विग्रह कीजिए। ( )

A. रैल जौसी यात्रा B. रेल द्वारा यात्रा C. रेल को यात्रा D. यात्रा की रेल

15. 'भ्रष्टाचार' के विरूद्ध आंदोलन चलाया जाना चाहिए। ( )

(रेखांकित शब्द का सही संधि विच्छेद पहचानिए।)

A. भ्रष्ट+आचार B. भ्राष्टा+चार C. भ्र+ष्टाचार D. भ्रष्टाच+आर

16. शुद्ध वाक्य पहचानिए। ( )

A.पशु-पक्षियों का भी भाषा होता है।

B. पशु-पक्षियों के भी भाषा होते हैं।

C. पशु-पक्षियों को भी भाषाएँ होते हैं।

D. पशु-पक्षियों की भी भाषाएँ होती हैं।

17. काला घोड़ा दौड़ रहा है। ( )

(रेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानिए।)

A. क्रिया B. विशेषण C. संज्ञा D. सर्वनाम

18. आप किस कक्षा -------- पढ़ते हैं। ( )

( उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

A. से B. को C. ने D. में

19. अध्यापक ने हिन्दी पढ़ायी है। ( )

(रेखांकित शब्द का स्त्री लिंग पहचानिए।)

A. अध्यापिका B. अध्ययने C. अध्यापन D. अध्यापकी

20. मैं भारत देश का निवासी हूँ। ( )

(इस वाक्य का सही प्रश्न पहचानिए)

A. आप कहाँ देश के निवासी हैं? B. आप कब देश के निवासी हैं?

C. आप क्यों देश के निवासी हैं? D. आप किस देश के निवासी हैं?

.....